हरिभूमि
विंध्य भूमि
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना
जबलपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026
login : www.haribhoomi.com

रायपुर कर्चुलियान जन विश्वास शिविर में आम जनता के 194 आवेदनों का हुआ निराकरण, शिविर में हर आवेदन पत्र पर समुचित कार्यवाही की जाएगी - कलेक्टर

रीवा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले का दूसरा शिविर रायपुर कर्चुलियान में सांदीपनि विद्यालय में लगाया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आम जनता की समस्याओं का मौके पर निराकरण करने तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जन विश्वास अभियान शुरू किया है। शिविर में कलेक्टर के नेतृत्व में जिला और विकासखण्ड स्तर के सभी अधिकारी आम जनता के आवेदनों में सुनवाई कर रहे हैं। पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर की पहल पर प्रशासन जनोन्मुखी होकर जन कल्याण के कार्य कर रहा है। इसकी चारों ओर चर्चा हो रही है। सीएम हेल्पलाइन और जन सुनवाई के आवेदनों का भी तत्परता से निराकरण किया जा रहा है। सभी अधिकारी आवेदनों में समुचित कार्यवाही करके रीवा को शिकायतों से मुक्त जिला बनाएं। शिविर में 290 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 194 का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की जन कल्याण की संकल्पना को साकार करते हुए जन विश्वास अभियान में शिविर लगाया गया है। इस शिविर में सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई के आवेदनों का निराकरण करने के साथ-साथ प्राप्त हो रहे आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। जिले में प्रत्येक विकासखण्ड में क्लस्टर स्तर पर 9 जनवरी तक शिविर लगाकर लंबित आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने जैसे आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। इसके साथ-साथ सभी जिला स्तरीय अधिकारी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की मानीटरिंग कर रहे हैं तथा स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र, छात्रावास, उचित मूल्य दुकान एवं अस्पतालों का निरीक्षण कर रहे हैं। शिविर में आधार कार्ड में सुधार और आयुष्मान कार्ड बनाने की भी व्यवस्था की गई है। एसडीएम



मनगवां संजय जैन ने शिविर में बताया कि शिविर की तैयारियों के दौरान पिछले 10 दिनों में जनसुनवाई के 900 अधिक तथा सीएम हेल्पलाइन के 1704 आवेदनों का निराकरण किया गया है। लोक सेवा गारंटी योजना में एक भी आवेदन लंबित नहीं है। अब तक राजस्व विभाग ने 900 से अधिक तथा ग्रामीण विकास विभाग ने 300 से अधिक लंबित आवेदनों का निराकरण किया है। शिविर में आयोजित उद्यम संवाद कार्यक्रम में महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी ने स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में विकासखण्ड के सफल स्वरोजगारी शैलेन्द्र शुक्ला ने बताया कि उन्होंने तीन करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कॉटन निर्माण की इकाई शुरू की है। इसमें एक करोड़ दस लाख रुपए का अनुदान मंजूर हुआ है। इकाई से 18 व्यक्तियों को रोजगार भी दिया जा रहा है।शिविर में संबल कार्ड का भी वितरण किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, उपाध्यक्ष प्रणव प्रताप सिंह, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरूकरण सिंह, वन मण्डलाधिकारी लोकेश निरापुरे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम गुढ़ सुधाकर सिंह, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप दुबे, जिला और खण्ड स्तर के सभी अधिकारी तथा बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित रहे। बॉक्स *बस से पहुंचे सभी अधिकारी* शिविर में शामिल होने के लिए कलेक्टर, वन मण्डलाधिकारी, जिला पंचायत के सीईओ तथा सभी जिला स्तरीय अधिकारी बस से रायपुर कर्चुलियान पहुंचे। शासन के निर्देशों के अनुरूप मितव्ययिता के साथ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर विधायक गुढ़, कलेक्टर, वन मण्डलाधिकारी तथा अन्य अधिकारियों ने सांदीपनि विद्यालय परिसर में पौधे रोपित करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

बहुचर्चित हत्याकांड में 3 आरोपी दोषमुक्त

अपर सत्र न्यायालय ने सुनाया अहम फैसला अर्जुन नगर में पत्थर से कुचलकर और लाठी-डंडों से पीटकर युवक की हुई थी हत्या

रीवा। शहर के बहुचर्चित वैभव सिंह हत्याकांड में अपर सत्र न्यायालय रीवा ने फैसला सुनाते हुए तीनों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। मामला अमहिया थाना क्षेत्र के द्वारिका नगर स्थित अर्जुन नगर के मैदान में युवक की हत्या से जुड़ा है। अभियोजन के अनुसार 22 मई 2023 को वैभव सिंह की पत्थर से कुचलकर और लाठी-डंडों से पीटकर हत्या की गई थी। घटना के बाद पुलिस ने राजू सिंह, अजीत पटेल और एक अन्य आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने आरोपों को साबित करने के लिए 23 गवाहों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस ने विवेचना के दौरान घटना में प्रयुक्त बताए गए डंडे और आरोपियों के कपड़े जब्त किए थे। पुलिस के अनुसार राजू सिंह से घटना में प्रयुक्त खून लगा डंडा बरामद हुआ था, जबकि अजीत पटेल से घटना के समय पहने हुए कपड़े बरामद किए गए थे। इन वस्तुओं को एफएसएल जांच के लिए भेजा गया था। अभियोजन के मुताबिक एफएसएल रिपोर्ट में डंडे और कपड़ों पर मानव रक्त पाया गया था।मामले की सुनवाई के दौरान आरोपियों की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता राजीव सिंह परिहार (शेरा सिंह), अधिवक्ता अनिल पांडेय और अधिवक्ता गिरीश पटेल ने अभियोजन के प्रमुख साक्ष्यों पर सवाल उठाए। बचाव पक्ष ने न्यायालय के सामने विशेष रूप से पुलिस द्वारा जब्त किए गए डंडे और कपड़ों के विवरण को चुनौती दी। बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई कि पुलिस ने आरोपियों से जिन वस्तुओं की जब्ती बताए जाने का उल्लेख किया है, एफएसएल जांच के बाद वापस आए और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए डंडे व कपड़े उनके आकार, बनावट और विवरण से मेल नहीं खाते। यानी जिन वस्तुओं को पुलिस ने जब्त किया था और जिन वस्तुओं को बाद में एफएसएल तथा न्यायालय के सामने पेश किया गया, उनके बीच ही अंतर सामने आया।बचाव पक्ष ने इसी बिंदु को अभियोजन के मामले की महत्वपूर्ण कमजोरी बताते हुए तर्क दिया कि जब कथित महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य की पहचान ही स्पष्ट नहीं है, तो उसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ दोष सिद्ध नहीं किया जा सकता। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने अपनी कहानी को मजबूत करने के लिए कुल 23 गवाह पेश किए। गवाहों के कथनों के साथ पुलिस की विवेचना, जब्ती पंचनामा, एफएसएल रिपोर्ट और अन्य दस्तावेजों को न्यायालय के समक्ष रखा गया। अभियोजन ने डंडे और कपड़ों पर मानव रक्त मिलने की एफएसएल रिपोर्ट को भी महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया। हालांकि, बचाव पक्ष ने एफएसएल जांच के लिए भेजे गए सामान और न्यायालय में पेश किए गए सामान के बीच कथित अंतर को आधार बनाकर अभियोजन के साक्ष्यों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा किया। बचाव पक्ष की दलीलों के दौरान यह भी कहा गया कि साक्ष्य की कड़ी तभी विश्वसनीय मानी जा सकती है, जब जब्त की गई वस्तु से लेकर एफएसएल जांच और न्यायालय में उसकी प्रस्तुति तक उसकी पहचान और निरंतरता स्पष्ट रूप से स्थापित हो। आरोपियों की ओर से अधिवक्ता राजीव सिंह परिहार (शेरा सिंह), अधिवक्ता अनिल पांडेय और अधिवक्ता गिरीश पटेल ने पैरवी की।

कलेक्टर ने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की दी शुभकामनाएँ

रीवा। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा है कि सभी जिलेवासी पूरे उत्साह और उमंग के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाएं। अपने घरों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा झण्डा लहराकर अपना और राष्ट्र का गौरव बढ़ाएं। अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष और शहीदों के बलिदान के बाद देश को स्वतंत्रता मिली है। हम सब इस स्वतंत्रता का मूल्य समझें और अपने कर्त्तव्यों का ठीक से निर्वहन करें। हर व्यक्ति जिले और देश के विकास में योगदान दें।

स्वतंत्रता दिवस समारोह आज उमंग और हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह में उप मुख्यमंत्री करेंगे ध्वजारोहण

रीवा । देशभक्ति, आन-बान-शान और राष्ट्रीय स्वाभिमान का पर्व स्वतंत्रता दिवस जिले में 15 अगस्त को उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में गरिमामय और देशभक्ति के माहौल में आयोजित किया जाएगा। सुबह 8.58 बजे समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के आगमन के साथ ही समारोह का आगाज होगा, जिसके बाद पूरे जोश और सम्मान के साथ राष्ट्रगीत ₹वंदे मातरम्₹ की सुमधुर स्वर लहरियाँ गूंजेंगी। समारोह में मुख्य अतिथि सुबह 9 बजकर 4 मिनट पर ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान होगा और रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में लहराकर स्वतंत्रता के अमर संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में सुबह 9.30 बजे मुख्यमंत्री जी के संदेश का सीधा प्रसारण होगा। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा बधाई संदेश का वाचन किया जाएगा। हर्षफायर एवं मार्चपास्ट की प्रस्तुति सुबह 10 बजकर 5 मिनट से 10 बजकर 25 मिनट तक होगी। इसके बाद मुख्य अतिथि परेड कमाण्डर और प्लाटून कमाण्डरों से परिचय प्राप्त करेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि सुबह 10.30 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा शहीदों के परिजनों एवं लोकतंत्र के प्रहरियों को सम्मानित करेंगे। समारोह में सुबह 10.40 बजे से विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक और मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह में 11.40 बजे से पुरस्कार वितरण होगा। समारोह में सुबह 11.55 बजे से दोपहर 12 बजकर 5 मिनट तक राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान के गायन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। मुख्य समारोह के बाद मुख्य अतिथि ग्राम सिलपरा में शासकीय स्कूल में आयोजित विशेष मध्यान्ह भोज में शामिल होंगे।

बारिश का पानी घरों में घुसा, कोटर नगर परिषद व अस्पताल जलमग्न, उफान पर मंदाकिनी नदी

सतना। जिले में पिछले दो-तीन दिनों से जारी रुक-रुक कर बारिश का दौर जहां मौसम में ठंडक लेकर आया है,वहीं शहर की प्रशासनिक व्यवस्थाओं की कलई भी खोल दी है। पानी की निकासी का पुख्ता इंतजाम न होने के कारण जलभराव की स्थिति बन गई है और नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुसने लगा है।लगातार हो रही बारिश से नदियों और नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। धार्मिक नगरी चित्रकूट में मंदाकिनी नदी पूरे उफान पर है।जलस्तर बढ़ने के कारण आरोग्यधाम पुल पूरी तरह डूब चुका है और पानी उसके ऊपर से बह रहा है। खतरे को देखते हुए नगर परिषद अलर्ट मोड पर है। स्वच्छता प्रभारी प्रभात सिंह गहरवार की मौजूदगी में प्रशासनिक अमले द्वारा मुनादी कराकर श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को घाटों से दूर रहने की हिदायत दी जा रही है। चित्रकूट तहसीलदार कमलेश सिंह भदौरिया ने भी स्थिति



की गंभीरता को देखते हुए प्रभावित घाटों का निरीक्षण किया।

सरकारी इमारतों पर आफत, कर्मचारी सड़कों पर

कोटर नगर परिषद कार्यालय में भी भारी जलभराव देखने को मिला,जहां दफ्तर का परिसर पूरी तरह डूब गया और वहां खड़े वाहन पानी में समा गए। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कर्मचारियों को कार्यालय छोड़कर बाहर सड़क पर शरण लेनी पड़ी। इसके अलावा,कोटर अस्पताल परिसर के भीतर तक पानी घुसने से स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं।

जोखिम में जान,पुलों पर चढ़ा पानी

बिरसिंहपुर-सेमरिया मार्ग स्थित झोटा ग्राम के पास मऊ नदी का पानी उफान मारकर पुल के ऊपर से बह रहा है। इसके बावजूद लोग जान जोखिम में डालकर बहते पानी के बीच से पुल पार करते नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग के सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को अधिकतम तापमान 30.2 और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। सुबह 08:30 बजे तक 35.3 मिमी और शाम 05:20 बजे तक अतिरिक्त 11.2 मिमी बारिश दर्ज की गई।



स्वतंत्रता दिवस समारोह में कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

मऊगंज। जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस उमंग और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला स्तरीय भव्य समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय कुमार जैन होंगे। मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। ध्वजारोहण के बाद सुबह 9.08 बजे परेड का निरीक्षण, हर्षफायर तथा मार्च पास्ट होगा। समारोह में सुबह 9.30 बजे भोपाल से मुख्यमंत्री जी के स्वतंत्रता दिवस संदेश का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह में सुबह 10:00 बजे मुख्य अतिथि का उद्बोधन एवं बधाई संदेश का वाचन होगा। सुबह 10 :06 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ होंगी। तदुपरांत सुबह 10.30 बजे पुरस्कार, सम्मान एवं प्रशस्ति पत्रों के वितरण से समारोह का समापन होगा।

भव्य तिरंगा यात्रा ने सतना में जगाई राष्ट्रभक्ति की अलख

सतना। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर अनुपमा हायर सेकेंडरी स्कूल,भरहुत नगर द्वारा 14 अगस्त को एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। देशभक्ति,राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के सम्मान का संदेश देने के उद्देश्य से निकाली गई इस यात्रा में छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ विद्यालय परिसर से मुख्य अतिथियों-जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी जे. एन. पांडे,संस्था की उपाध्यक्ष करुणा सिन्हा,सचिव डॉ.शैला तिवारी और डायरेक्टर प्रमोद तिवारी-द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।हाथों में तिरंगा थामे विद्यार्थियों के देशभक्तिपूर्ण नारों जैसे भारत माता की जय,वंदे मातरम और जय हिंद से पूरा मार्ग गूंज उठा। रास्ते में जगह -जगह स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर तिरंगा यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर प्राचार्य देवाशीष द्विवेदी,वाई.के.सिन्हा सहित विद्यालय का समस्त शिक्षक-शिक्षिका वर्ग मौजूद रहा। विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन के माध्यम से युवाओं में राष्ट्र प्रेम,एकता और जिम्मेदार नागरिकता के मूल्यों को मजबूत करने का प्रेरक संदेश दिया।



सड़क हादसे में 10 वर्षीय बच्चे की मौत, पिता-दादा समेत 6 घायल

मेहंदीपुर बालाजी से दर्शन कर लौट रहा था साहू परिवार, कैंडी ब्रिज के पास कार पुल के नीचे गिरी; दो गंभीर घायलों को ग्वालियर रेफर

छतरपुर। मेहंदीपुर बालाजी से दर्शन कर वापस लौट रहा छतरपुर का साहू परिवार गुरुवार को ओरछा थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गया। कैंडी ब्रिज के पास फोरलेन पर कार अचानक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी। हादसे में 10 वर्षीय राहुल साहू की मौत हो गई, जबकि परिवार के छह सदस्य घायल हो गए। घायलों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र की चेतगिरी कॉलोनी निवासी साहू परिवार



कार से मेहंदीपुर बालाजी से दर्शन कर छतरपुर लौट रहा था। इसी दौरान कैंडी ब्रिज के पास कार अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

हादसे में राहुल साहू की मौत हो गई। वहीं जमना साहू (58), उषा साहू (55), ममता साहू (35), शोभा साहू (30), शिवानी साहू (7) और अनवी साहू (3) घायल हुए हैं। जमना साहू और मुकेश साहू की हालत गंभीर बताई गई है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में उपचार चल रहा है।

आवारा मवेशियों को बचाने के प्रयास में हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक फोरलेन पर कुछ आवारा मवेशी सड़क के बीच में बैठे हुए थे। कार चालक ने मवेशियों को बचाने का प्रयास किया, इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरा। स्थानीय लोगों ने सड़क पर बैठे आवारा मवेशियों को हादसे की वजह बताया है। लोगों का आरोप है कि फोरलेन पर आए दिन आवारा मवेशी बैठे रहते हैं, जिससे तेज रफ्तार वाहनों के सामने अचानक मवेशी आने पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने एनएचएआई और सड़क निर्माण कंपनी पीएनसी की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए सड़क से आवारा मवेशियों को हटाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

उमंग एवं उल्लास के साथ घर घर फहराएं तिरंगा







देवेन्द्रनगर। हर हर तिरंगा अभियान की गतिविधियों में प्रत्येक नागरिक बढ़चढ़ कर भागीदारी करें। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में तिरंगे की पुनर्स्थापना का निर्णय लिया गया है। यह प्रत्येक नागरिक के लिए राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और भाव प्रकट करने का अवसर भी है, इसलिए उमंग और उल्लास के वातावरण में हर घर तिरंगा जरूर फहराएं। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने यह बात शुक्रवार को देवेन्द्रनगर में नगर परिषद के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में कहीं। इस अवसर पर उन्होंने 87 लाख 38 हजार रूपए की लागत से नवीन निर्मित नगर परिषद कार्यालय भवन का विधिवत पूजन अर्चन कर एवं फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि नवनिर्मित कार्यालय भवन जनता की समस्याओं के समाधान का केंद्र बनेगा। यहां बैठक और उचित पेयजल व्यवस्था के साथ नागरिकों को सुलभ तरीके से शासकीय सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। प्रभारी मंत्री ने नगर परिषद कार्यालय के कक्ष और परिसर का निरीक्षण भी किया। आयोजित कार्यक्रम में संबोधन के दौरान 14 अगस्त को मनाए जाने वाले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अखंड भारत का बंटवारा केवल धरती के टुकड़े का विभाजन नहीं था, बल्कि हमारी अमूल्य संस्कृति और परम्परा का विभाजन भी था। इसलिए प्रत्येक देशवासी के मन में देश प्रथम की भावना निहित होना चाहिए। पूर्व में किसी भी संकट के समय देश हमेशा एक साथ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में देश की आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होंगे, जिसके मुताबिक हमें काम करने तथा संकल्पों को पूरा करने की आवश्कता है। प्रभारी मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में मध्यप्रदेश अव्वल है। नवीन नीति में देश की ज्ञान परंपरा पर केंद्रित शिक्षा पर जोर दिया गया है। अब शौर्य और पराक्रम का इतिहास भी पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि देश की आजादी को सदैव अक्षुण्ण बनाए रखें। देशभक्ति का काम केवल सेना का नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें अनुशासित देश, आदर्श समाज व आदर्श व्यवस्था बनाने के लिए आगे आना चाहिए। स्वास्थ्य केंद्र व सर्वसुविधायुक्त स्कूल भवन का निर्माण सरकार की प्राथमिकता है। आयुष चिकित्सा पद्धति एवं योग अपनाकर नागरिकों के स्वास्थ्य में सुधार परिलक्षित हुआ है। शिक्षा व्यवस्था में रिसर्च और अनुसंधान के साथ विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य है। शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव के साथ ही ऊर्जा के क्षेत्र में देश ने आत्मनिर्भरता हासिल की है। महाविद्यालयों में नवीन संकाय प्रारंभ करने तथा शैक्षणिक स्टॉफ की भर्ती का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने उपस्थितजनों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में चिकित्सालय व स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन सहित अन्य विकास कार्यों की जानकारी देते हुए नगर परिषद भवन को नगरवासियों एवं नगर के विकास के लिए उपयोगी बताया तथा कहा कि बड़ागांव क्षेत्र में 140 एकड़ का औद्योगिक क्षेत्र बनने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। विधायक ने संस्कृत महाविद्यालय में कर्मकांड की कक्षाएं आरंभ कराने की मांग भी रखी। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रभारी मंत्री द्वारा कन्या पूजन कर उत्कृष्ट प्रतिभा सम्मान का वितरण किया गया। उन्होंने संस्कृत महाविद्यालय की पत्रिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा सहित नगर परिषद अध्यक्ष शिवांगी गुप्ता, सतानंद गौतम, माधवेंद्र सिंह, एसडीएम संजय नागवंशी, सीएमओ के.के. तिवारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीयजन भी उपस्थित रहे।

निर्माणाधीन संस्कृत महाविद्यालय भवन का किया निरीक्षण

प्रभारी मंत्री ने देवेन्द्रनगर के संस्कृत महाविद्यालय का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। महाविद्यालय के निर्माणाधीन भवन का अवलोकन कर शिक्षक एवं विद्यार्थियों से भेंट की। इस अवसर पर सागर संभाग के एक मात्र संस्कृत महाविद्यालय में कंप्यूटर एवं फर्नीचर की समुचित व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित पुस्तकालय के संचालन के लिए भी कहा। संस्कृत महाविद्यालय को बेहतर शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कर सामूहिक फोटो भी खिंचवाई।

मातगुवां में विधवा महिला की जमीन पर कब्जे का आरोप, पूर्व विधायक समेत अन्य पर धमकी देने के आरोप

छतरपुर। मातगुवां थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग विधवा महिला की पुश्तैनी कृषि भूमि पर जबरन कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। ग्राम मातगुवां निवासी जीरा बाई अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को आवेदन देकर पूर्व विधायक उमेश शुक्ला सहित अन्य लोगों पर जमीन पर कब्जा करने, मारपीट, जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार, ग्राम मातगुवां स्थित खसरा नंबर 247 की भूमि राजस्व रिकॉर्ड में उसके नाम दर्ज है। महिला का आरोप है कि उसने अपनी जमीन की सुरक्षा के लिए कंटीले तारों से फेंसिंग कर रखी थी। 13 अगस्त की शाम करीब 5:30 बजे उमेश शुक्ला कथित तौर पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कंटीले तारों को उखाड़कर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया।

महिला ने अपने आवेदन में बताया कि विरोध करने पर उसके साथ अभद्रता की गई तथा जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता का दावा है कि घटना का वीडियो उसके पास मौजूद है। पीड़िता ने मातगुवां थाना पुलिस पर भी कार्रवाई नहीं करने और आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि शिकायत लेकर थाने पहुंचने के बावजूद उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। महिला ने वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच, आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और अपनी जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। जीरा बाई के मुताबिक पति की मृत्यु के बाद कृषि भूमि ही उसकी आजीविका का प्रमुख साधन है। जमीन पर कब्जे के प्रयास के चलते उसके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। फिलहाल महिला ने प्रशासन से अपनी जमीन की सुरक्षा और उसे कब्जे से बचाने की गुहार लगाई है। मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस परेड ग्राउण्ड में कार्यक्रम आयोजित, राज्यमंत्री करेंगी ध्वजारोहण



सतना। स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड सतना में आयोजित किया गया है। मुख्य समारोह में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह के पल-प्रतिपल निर्धारित कार्यक्रमानुसार 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा और सबसे पहले राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन होगा। मुख्य अतिथि प्रातः 9.04 बजे से 9.07 तक ध्वजारोहण कर सलामी लेंगे। प्रातः 9.10 बजे से 9.30 तक परेड का निरीक्षण मार्च पास्ट,प्रातः 9.30 बजे से 10 बजे तक मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण किया जायेगा। प्रातः 10 बजे से 10.10 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा बधाई संदेश का वाचन,प्रातः 10.10 बजे से 10.40 तक पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन,प्रातः 10.40 से 10.45 तक राष्ट्रगीत का गायन,प्रातः 10.45 से प्रातः 10.50 बजे तक राष्ट्रगान तथा प्रातः 10.50 बजे से पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया जायेगा।

जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
प्रशांत शुक्ला
थाना प्रभारी सिरमौर, रीवा

जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
पुष्पेन्द्र मिश्रा
थाना प्रभारी मनगवां, रीवा

जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
दीपक तिवारी
थाना प्रभारी सगरा, रीवा

जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
विजय सिंह बघेल
थाना प्रभारी सिविल लाइन, रीवा

जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
राजकुमार तिवारी
थाना प्रभारी रायपुर कर्चुलियान, रीवा

जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
अवनीश पाण्डेय
थाना प्रभारी गढ़, जिला-रीवा

खनिज विभाग रीवा की ओर से
समस्त जिला वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपमाला तिवारी
उप संचालक (खनिज प्रशासन)

समस्त जिले एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
हरीशकांत त्रिपाठी
जिला पंचायत सदस्य

समस्त छात्र/छात्राओं एवं जिला वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
प्रेमलाल मिश्रा
जिला शिक्षा अधिकारी, रीवा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गोस्वामी एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड एवं पैथालॉजी
प्रगति एवं आधुनिकता की ओर लगातार बढ़ते कदम
★ सोनाग्राफी एवं 4D अल्ट्रा साउंड
★ डिजिटल एक्स-रे
★ पैथालाजी
★ इकोकार्डियोग्राफी
★ कलर डॉपलर
डॉ. अभिषेक गोस्वामी।
M.B.B.S.- D.M.R.D.D.N.B.
डॉ. गुंजन गोस्वामी
M.B.B.S., D.N.B.
आधुनिकता, कम्प्यूटरकृत सफाई एवं विश्वसनीयता द्वारा आम जन को सुविधा
गोस्वामी एक्स रे, अमहिया, रीवा (म.प्र.)

सभी नगर, जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
विंध्य हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, रीवा
लेजर एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी
शहर का सर्वश्रेष्ठ
सर्जिकल सेंटर
मातृत्व | चूरो | सर्जरी
अत्याधुनिक सुविधाएं | विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम | सुगमित एवं सस्ता दरों में उपचार
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें- 07662-406000, 9589899826
Old Bus Stand, Jai Stambh Chowk, Banshghat, Rewa

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
शिवम डायग्नोस्टिक
Vindhya's 1st & only NABL Lab
(Approved by Govt. of india) for Quality Blood Testing)
सर्वोत्तम तकनीक, विश्वसनीय जांच, उचित मूल्य
शिवम पैथालॉजी एवं रेडियोलॉजी एक्सरे, रीवा

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई
कार्यालय नगर परिषद वैकुण्ठपुर, जिला रीवा म.प्र
नागरिकों को मूलभूत सेवायें उपलब्ध कराने हेतु कृत संकल्पित है और नागरिकों से अपेक्षा करते हैं कि
1. नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने में सहयोग करें।
2. जन्म मृत्यु का पंजीयन राष्ट्रहित में करायें
3. जल अमूल्य है इसका दुरुपयोग न करें।
4. बकाया करों का भुगतान समय सीमा में करें।
5. सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें।
6. अपने जन्म दिन पर वृक्ष लगायें
मीना तीरथ गुप्ता
अध्यक्ष, नगर परिषद वैकुण्ठपुर
मुख्य नगर परिषद अधिकारी वैकुण्ठपुर

सभी नगर एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
CNR Infrastructure Private Limited
H. No. 64 Shilpi-Kamtha Residency, Padra Near J.P. Gate, Rewa

समस्त छात्र-छात्राओं को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
गुरुकुल सीनियर सेकण्डरी स्कूल
अपने बच्चों को दें एक बेहतर भविष्य
खैरा रोड, चोरहटा, रीवा मप्र,
07662-320172, 9425184883

सभी नगर जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
नयन सिंह
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग,रीवा (म.प्र.)

सभी नगर जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
रजिस्ट्रारी कार्यालय, रीवा (म.प्र.)

सभी नगर जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
आर.पी. सिंह
विद्युत यंत्रिकीय विभाग पीडब्लूडी, रीवा

सभी नगर जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
रवेनन्द्र सिंह "दादू भाई"
सरपंच ग्राम पंचायत बरा 396

सभी नगर जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
ज्ञानेन्द्र पाण्डेय
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रीवा

सभी नगर जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
राकेश कोड़ापे
डी.एम. वन विकास निगम
रीवा, सीधी परियोजना मण्डल, सीधी

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई
कार्यालय नगर परिषद सेमरिया, जिला रीवा म.प्र
नागरिकों को मूलभूत सेवायें उपलब्ध कराने हेतु कृत संकल्पित है और नागरिकों से अपेक्षा करते हैं कि
1. नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने में सहयोग करें।
2. जन्म मृत्यु का पंजीयन राष्ट्रहित में करायें
3. जल अमूल्य है इसका दुरुपयोग न करें।
4. बकाया करों का भुगतान समय सीमा में करें।
5. सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें।
6. नगरी निकाय क्षेत्र में मकान, दुकान आदि का निर्माण निकाय अनुमति पश्चात करें।
पद्मा रोहिणी कुशवाहा
अध्यक्ष, नगर परिषद सेमरिया
मुख्य नगर परिषद अधिकारी सेमरिया

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
सौजन्य :- संतोष सिंह, जिला आबकारी अधिकारी एवं स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
सौजन्य :- आशुतोष सिंह भदौरिया, जिला परिवहन अधिकारी
जिला परिवहन कार्यालय एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
कपिल मुनी शुक्ला
सौजन्य :- जिला खनिज अधिकारी एवं स्टाफ

हम अनेक, सोच अनेक, पर इरादा सिर्फ एक निर्माण एक मजबूत भारत का
अल्ट्राटेक सीमेन्ट लिमिटेड-सीधी की ओर से आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड यूनिट सीधी सीमेंट

आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
टाटा कॉलेज सिद्ध भूमि इंटरनेशनल स्कूल, सीधी
संचालक :- इंजी. आर.बी. सिंह

आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
कार्यपालन यंत्री पी.डब्लयू.डी. विभाग एवं समस्त संविदाकार

आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
श्री राजेश तिवारी जिला परियोजना समन्वयक

गुरुकृपा ड्राईफ्रूटस् एण्ड स्पाइस
की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
बेहतरीन क्वालिटी
100% प्राकृतिक
सावधानी से चुने गए
साफ-सुथरे तरीके से पैक किए गए
ड्राई फ्रूट्स और मसालों की बड़ी रेंज
पता : पुष्पराज टाकीज, जानकी पार्क, रीवा (म.प्र.)
भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर, बड़ी पुल, रीवा (म.प्र.)
+91 97703 67788, +91 87703 49197, +91 93997 61090

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
आपका विश्वसनीय एवं सतत् सेवारत संस्थान
★ Daikin
★ Panasonic
★ Voltas
★ Symphony
★ O General
★ LG
★ Godrej,
★ Samsung
★ Blue Star
★ Lloyd
पवन रेफ्रिजरेशन
एण्ड एयर कंडीशनर
बाजार से सबसे कम दामों पर उपलब्ध
प्रो. नवनीत गुप्ता
(छोटू)
शिल्पी प्लाजा ए ब्लाक, रीवा म.प्र. मोबा. 9827060042

Shriji
आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
3 किलो का पैकेट खरीदें
6 साबुन फ्री पाएँ!
Mob :- 8989116888
info@shriiji.in
श्रीजी डिटर्जन्ट पाउडर
पता : मार्तण्ड स्कूल के सामने गायत्री मंदिर, झिरिया-रीवा

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई
कार्यालय नगर परिषद मनगवां, जिला रीवा म.प्र
नागरिकों को मूलभूत सेवायें उपलब्ध कराने हेतु कृत संकल्पित है और नागरिकों से अपेक्षा करते हैं कि
1 नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने में सहयोग करें।
2. जन्म मृत्यु का पंजीयन राष्ट्रहित में करायें
3. जल अमूल्य है इसका दुरुपयोग न करें।
4. बकाया करों का भुगतान समय सीमा में करें।
5. सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें।
6. नगरी निकाय क्षेत्र में मकान, दुकान आदि का निर्माण निकाय अनुमति पश्चात करें।
बुटान बंसल
अध्यक्ष, नगर परिषद मनगवां
प्रमोद उर्मलिया
उपाध्यक्ष, नगर परिषद मनगवां
मुख्य नगर परिषद अधिकारी मनगवां

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई
कार्यालय नगर परिषद सिरमौर, जिला रीवा म.प्र
नागरिकों को मूलभूत सेवायें उपलब्ध कराने हेतु कृत संकल्पित है और नागरिकों से अपेक्षा करते हैं कि
1 नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने में सहयोग करें।
2. जन्म मृत्यु का पंजीयन राष्ट्रहित में करायें
3. जल अमूल्य है इसका दुरुपयोग न करें।
4. बकाया करों का भुगतान समय सीमा में करें।
5. सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें।
6. नगरी निकाय क्षेत्र में मकान, दुकान आदि का निर्माण निकाय अनुमति पश्चात करें।
संदीप सिंह
अध्यक्ष, नगर परिषद सिरमौर
मुख्य नगर परिषद अधिकारी सिरमौर

समस्त जिले एव प्रदेशवासियों को
डॉ. मोहन यादव जी
मुख्यमंत्री म.प्र. शासन
राजेन्द्र शुक्ल
उप मुख्यमंत्री म.प्र. शासन
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त देश वासियों को
की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वतंत्रता दिवस
विजय कु. मिश्रा एम.डी.
अरविंद मिश्रा डायरेक्टर
विनीत मिश्रा डायरेक्टर
विकास मिश्रा डायरेक्टर
मे. विजय कुमार मिश्रा कांस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, रीवा

राजेन्द्र शुक्ल
उप मुख्यमंत्री म.प्र. शासन
समस्त जिला एवं प्रदेश वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जनार्दन मिश्रा
सांसद रीवा, मऊगंज (संसदीय क्षेत्र)

डॉ. मोहन यादव जी
मुख्यमंत्री म.प्र. शासन
समस्त जिले एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
नागेन्द्र सिंह
विधायक गुढ़

डॉ. मोहव यादव जी
मुख्यमंत्री म.प्र. शासन
समस्त जिले एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सिद्धार्थ तिवारी
विधायक त्योंथर

डॉ. मोहन यादव जी
मुख्यमंत्री म.प्र. शासन
समस्त जिले एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
दिव्यराज सिंह
सिरमौर विधायक

राजेन्द्र शुक्ल
उप मुख्यमंत्री म.प्र. शासन
समस्त जिले एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
इंजी. नरेन्द्र प्रजापति

समस्त जिला एवं प्रदेश वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
इंजी. राजेन्द्र शर्मा
जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष

समस्त जिला एवं प्रदेश वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अभय मिश्रा
सेमरिया विधायक

समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जीतेन्द्र सिंह (जिन्टू)

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई
कार्यालय नगर परिषद नईगढ़ी, जिला मऊगंज म.प्र
नागरिकों को मलभूत सेवायें उपलब्ध कराने हेतु कृत संकल्पित है और नागरिकों से अपेक्षा करते हैं कि
1 नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने में सहयोग करें।
2. जन्म मृत्यु का पंजीयन राष्ट्रहित में करायें
3. जल अमूल्य है इसका दुरुपयोग न करें।
4. बकाया करों का भुगतान समय सीमा में करें।
5. सिंगल यूज प्लासिटक का उपयोग न करें।
6. नगरी निकाय क्षेत्र में मकान, दुकान आदि का निर्माण निकाय अनुमति पश्चात करें।
नगिता गुप्ता
अध्यक्ष नगर परिषद नईगढ़ी
मुख्य नगर परिषद अधिकारी नईगढ़ी

जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
शिवा अग्रवाल
थाना प्रभारी सेमरिया, रीवा

जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
विजय सिंह बघेल
थाना प्रभारी गोविन्दगढ़, रीवा

जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
मनोज कुमार गौतम
थाना प्रभारी अमहिया, रीवा

जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
पुष्पेन्द्र यादव
थाना प्रभारी गुढ़, रीवा

जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
पवन शुक्ला
थाना प्रभारी चोरहटा, रीवा

जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
आशीष मिश्रा
थाना प्रभारी समान, रीवा

जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
हितेन्द्रनाथ शर्मा
थाना प्रभारी विश्वद्यालय, रीवा

जिला एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
अंकिता मिश्रा
थाना प्रभारी बिछिया, रीवा

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ



दीपक पांडे
दीपू महाराज
पुजारी
माँ शारदा देवी
जिला मैहर

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ



राजेन्द्र सिंह
बबलू भैया
वरिष्ठ कांग्रसी नेता
जिला मैहर

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ



धीरज पांडे
संचालक
माई की रसोई





स्वराज पाडे
युवा समाज सेवक

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ



राम राज सिंह
राजू भैया
भारतीय जनता पार्टी
जिला मैहर

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ





अजय सिंह राहुल
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
(म.प्र.)



पंडित रामनिवास उरमलिया
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
क्षेत्रीय जनकल्याण संघर्ष
जिला मैहर



श्रीमती उषा उरमलिया
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
जिला मैहर

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ



सुषमा दिनेश कुशवाहा
सरपंच ग्राम पंचायत पोडी
वि.ख.मैहर जिला-सतना म.प्र.





महेश साहू
सचिव
मैहर

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ



रविंद्र सिंह
भाजपा मंडल उपाध्यक्ष
बेरमा





ऋषि पांडे
भाजपा नेता
जिला मैहर

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ



नितिन पांडे
पुजारी
माँ शारदा देवी
जिला मैहर

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ



धर्मेश घई
कांग्रेस
जिला अध्यक्ष मैहर





